भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1036

उत्तर देने की तारीख 29 जुलाई, 2024

7 श्रावण, 1946 (शक)

नाडा द्वारा आयोजित प्ले अभियान

1036. श्री सुकान्त कुमार पाणिग्रही:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राष्ट्रीय डोप रोधी एजेंसी (नाडा) ने हाल ही में देश भर के प्रतिभागियों के साथ प्ले अभियान चलाया है;

(ख) ओडिशा राज्य से कितने प्रतिभागियों ने उक्त अभियान में भाग लिया है; और

(ग) उक्त अभियान के उद्देश्यों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क): जी हां । इस मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त निकाय राष्ट्रीय डोप रोधी एजेंसी (नाडा) ने 15 से 30 अप्रैल, 2024 तक डोप रोधी शिक्षा और जागरूकता अभियान चलाया। यह वार्षिक कार्यक्रम विश्व डोप रोधी एजेंसी (वाडा) के प्ले ट्रू डे समारोह के एक भाग के रूप में सभी हितधारकों के बीच डोपिंग रोधी जागरूकता बढ़ाने के लिए आयोजित किया गया था।

(ख): उक्त अभियान में प्रतिभागियों की कुल संख्या 29,129 थी। हालाँकि, प्रतिभागियों के संबंध में राज्य-वार डेटा नहीं रखा गया था।

(ग): उक्त अभियान के उद्देश्य निम्नलिखित थे:

- स्वच्छ खेल मूल्यों को बढ़ावा देना और डोपिंग रोधी गतिविधियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना।

- हितधारकों अर्थात एथलीट और एथलीट सहायक कर्मियों को डोपिंग से निपटने के लिए ज्ञान और संसाधनों के माध्यम से सशक्त बनाना।

• डोप रोधी प्रोटोकॉल के संबंध में पेरिस ओलंपिक और पैरालिंपिक 2024 के लिए एथलीटों और एथलीट सहायक कर्मियों को तैयार करना।

• सोशल मीडिया अभियानों और प्रतियोगिताओं के माध्यम से खेलों में निष्पक्षता और सत्यनिष्ठा को प्रोत्साहित करना।

• डोपिंग रोधी जागरूकता को सुदृढ़ करने के लिए एक प्रभावी निगरानी और ज्ञान मूल्यांकन प्रणाली लागू करना।

****